**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 23.03.2025 समय : 1850

**<><><><><><><>**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज शहीद दिवस पर स्वतंत्रता सेनानियों—भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को श्रद्धांजलि दी है।
- सांसद बिष्णु पद रे ने द्वीप समूह के लिए बजट आवंटन के महत्वपूर्ण मुद्दों पर केंद्रीय वित्त मंत्री से बातचीत की।
- नगरपालिका परिषद की ओर से अपने राजस्व को बढ़ाने और नागरिकों की भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए संग्रह अभियान चलाया गया।
- जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आज समापन।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज शहीद दिवस पर स्वतंत्रता सेनानियों—भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को श्रद्धांजलि दी है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा करते हुए श्री मोदी ने इन क्रांतिकारियों के सर्वोच्च बलिदान का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता और न्याय के लिए क्रांतिकारियों का अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा। श्री मोदी ने सामाजिक न्याय के प्रबल समर्थक और महान स्वतंत्रता सेनानी डॉक्टर राम मनोहर लोहिया की जयंती पर उन्हें भी श्रद्धांजलि दी है। श्री मोदी ने कहा कि डॉक्टर लोहिया ने अपना जीवन वंचितों को सशक्त बनाने और एक मजबूत भारत के निर्माण के लिए समर्पित कर दिया।

<><><><><><><>

दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र कल से शुरू हो रहा है। यह सत्र अट्ठाईस मार्च तक चलेगा जिसे आगे भी बढ़ाया जा सकता है। दिल्ली परिवहन निगम के कामकाज पर सीएजी की रिपोर्ट सोमवार को सदन में पेश की जाएगी। बजट मंगलवार को पेश किया जाएगा और उस पर छब्बीस मार्च को चर्चा होगी। सत्र के दौरान, प्रमुख वित्तीय और नीतिगत मामलों पर भी चर्चा की जाएगी।

<><><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के लिए बजट आवंटन के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। बैठक के दौरान, सांसद ने केंद्र शासित प्रदेश के सामने आने वाली वित्तीय बाधाओं पर प्रकाश डाला। द्वीप समूह के पिछड़ेपन और भौगोलिक दूरदराज के क्षेत्रों को देखते हुए विशेष अनुदान के माध्यम से पूंजीगत व्यय के लिए बजट बढ़ाने जैसे मुद्दों पर बात की। उठाए गए मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए, वित्त मंत्री ने आश्वासन दिया है कि इस मामले पर विचार किया जाएगा।

<><><><><><><>

केंद्र ने पहली अप्रैल से प्याज निर्यात पर बीस प्रतिशत शुल्क वापस लेने का निर्णय लिया है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अनुसार, इससे किसानों को लाभकारी मूल्य सुनिश्चित होगा और उपभोक्ताओं के लिए प्याज की उपलब्धता बनी रहेगी। मंत्रालय ने कहा कि रबी फसलों के अधिक उत्पादन की संभावना के बाद थोक और खुदरा कीमतों में कमी आई है। अनुमान के अनुसार, रबी मौसम में प्याज सहित अन्य फसलों के अधिक उत्पादन से आने वाले महीनों में बाजार मूल्यों में और गिरावट आने की संभावना है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा–सी.यू.ई.टी. के लिए पंजीकरण की तिथि बढ़ा दी है। आवेदक ऑनलाइन आवेदन पत्र कल तक जमा कर सकते हैं। परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि भी पच्चीस मार्च की मध्यरात्रि तक कर दी गई है। आवेदक आधिकारिक वेबसाइट सी यू ई टी डॉट एन टी ए डॉट एन आई सी डॉट आई एन पर छब्बीस से अट्ठाईस मार्च के बीच आवेदन पत्र के विवरण में सुधार कर सकते हैं। देश के विभिन्न शहरों और देश से बाहर पन्द्रह शहरों में कंप्यूटर आधारित सी यू ई टी परीक्षा आठ मई और पहली जून के बीच आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की ओर से अपने राजस्व को बढ़ाने और नागरिकों की भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए अट्टम पहाड़, गाराचरमा, भातुबस्ती और नया पहाड़गांव में विशेष कर संग्रह अभियान चलाया गया। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों के लिए नगरपालिका करों का भुगतान आसान बनाना है। विशेष कर संग्रह अभियान में नगरपालिका करों में एक करोड़ बारह लाख छत्तीस हजार तीन सौ इक्कतीस

रुपये का संग्रह हुआ। परिषद उनतीस मार्च को ब्रुक्शाबाद, ब्रिचगंज, प्रातरापुर और गाराचरमा में अभियान चलाएगा।

<><><><><><><>

भारतीय संचार निगम लिमिटेड श्री विजयपुरम ने चालू वित्त वर्ष के समापन को देखते हुए तीस मार्च यानी रविवार को अपने मुख्य कैश कलेक्शन सेंटर खोलने का निर्णय लिया है। ग्राहक इस अवसर का उपयोग अपने लंबित बिलों के भुगतान, यदि कोई हो, तो रविवार को भी कैश काउंटर पर कर सकते हैं।

<><><><><><><>

अबरडीन पुलिस की टीम ने दस लाख रुपये की धोखाधड़ी के मामले में शामिल एक व्यक्ति को हाल ही में गिरफ्तार किया। पिछले वर्ष पांच दिसम्बर को फर्जी दस्तावेजों का उपयोग करके जमीन की धोखाधड़ी से बिक्री के संबंध में पी एस अबरडीन में एक मामला दर्ज किया गया था, जिसमें शिकायतकर्ता को दस लाख रुपये का धोखा दिया गया। मुख्य संदिग्ध, फीनिक्स–बे निवासी सिविल ठेकेदार जो कई दिनों से फरार था। उसे केरल के पलक्कड़ से गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने एक महिला साथी के साथ डॉलीगंज में शिकायतकर्ता को जमीन बेचने की बात स्वीकार की। इस महीने की बीस तारीख को आरोपी को गिरफ्तार किया गया और उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। आम जनता को सलाह दी गई है कि वे किसी भी सौदे को करने से पहले सभी दस्तावेजों को सत्यापित करें और साथ ही अपने दस्तावेजों को किसी के साथ साझा करते समय अधिक सतर्क रहें। आम जनता से अनुरोध किया गया है कि वे किसी भी अपराध या अन्य अवैध गतिविधियों की जानकारी पुलिस को दें।

<><><><><><><>

जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आज समापन हो गया। नेहरू युवा केंद्र संगठन के प्रमुख कार्यक्रमों के तहत जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के ग्राउंड में किया गया। इस प्रतियोगिता में तीन ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों ने भाग लिया। अंडमान लॉ कॉलेज के प्राचार्य पी.वी.एन. शर्मा इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे। उन्होंने युवाओं को खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और "फिट रहो, भारत फिट रहेगा" के संदेश को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक फिटनेस बल्कि अनुशासन और टीम भावना को भी विकसित करते हैं।

<><><><><><><>

प्रशासन के खेल एवं युवा मामले निदेशालय स्कूली बच्चों के लिए विभिन्न विषयों में कोचिंग कक्षाएं आयोजित करेगा। यह कक्षाएं एथलेटिक्स, तीरंदाजी, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, साइकिलिंग, क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, कब्बडी खो–खो, टेबल टेनिस, वॉलीबॉल और लडकियों के लिए एरोबिक डांस आदि संचालित की जाएगी। इच्छुक छात्र नेताजी स्टेडियम स्थित खेल एवं युवा मामले निदेशालय के कार्यालय में सभी कार्य दिवसों में सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक अपना नाम पंजीकृत करा सकते हैं।

<><><><><><><>

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में कल आधुनिक भारत के निर्माता थींम पर एक दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। चिन्मय मिशन के आचार्य स्वामी शुद्धानन्द इस प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. हेमन्त कुमार शर्मा सम्माननीय अतिथि होंगे। इस प्रदर्शनी में सभी विषयों से जुड़ी पुस्तको का प्रदर्शन किया जाएगा। विद्यार्थियों के लिए ''पुस्तकों का हमारे जीवन में महत्व'' विषय पर भाषण प्रतियोगिता और पुस्तक समीक्षा प्रतियोगिता भी रखी गई हैं

<><><><><><><>

आम जनता राशनकार्ड धारकों से कहा गया है कि एक अप्रैल से एफ पी एस संख्या–छह तीन छह और दो शून्य सात में पंजीकृत सभी राशनकार्ड धारक अब एफ पी एस संख्या– चार नौ शून्य और एक शून्य नौ से अपना राशन प्राप्त कर सकते हैं।

<><><><><><><>